## एक नजर

### ब्लॉकः कहेलिया में आधा घंटे खड़ी रही सियालदहा

**शाहजहांपुर।** रेल पथ निरीक्षक ने रोजा में रेल मरम्मत कार्य के लिए कंट्रोल से ब्लॉक मांगा। कंट्रोल ने दिन में सवा तीन बजे से पौने चार बजे का ब्लॉक दिया। इस दौरान रेल पटरी पर कार्य शुरु किया। जिसके चलते कहेलिया रेलवे स्टेशन अप लाइन की सियालदहा एक्सप्रेस को रोक दिया गया। ब्लॉक खत्म होने के बाद सियालदहा को बरेली के लिए रवाना किया गया। इधर डाउन लाइन की सियालदहा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से छह घंटे विलंब से पहुची है।

### टीम ने की अमृत सरोवर मामले की जांच

**मिर्जापुर।** बसई ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर में बिना काम कराए लाखो रुपये निकालने का आरोप ग्राम प्रधान प्रेमा देवी ने पंचायत कर्मियों पर लगाया था। सोमवार को सीडीओ की ओर से भेजी गई जांच टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। तकनीकी जांच अधिकारी उदयप्रताप सिंह ने बताया जांच रिपोर्ट सीडीओ को सौंपी जाएगी। इस मौके पर बीडीओ, ग्राम प्रधान, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक व एपीओ जांच टीम का सहयोग करने के लिए मौजूद रहे।

# फिर तपी रात, न्यूनतम तापमान 28 डिग्री पार

## कलेक्ट्रेट आया बुजुर्ग गश खाकर गिरा, दिन में 43 डिग्री तक पहुंचा पारा, लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे लोग
- 2020 के बाद अब तक का सर्वाधिक रहा ताप

**अमृत विचार :** महानगर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी सालों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है। रविवार रात का तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा जोकि साल 2020 के बाद अब तक का सर्वाधिक रहा। इससे पहले 26 मई को 28.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान नहीं देखा गया था। भीषण गर्मी के बीच बिजली की लुकाछिपी लोगों को रुला रही है।

रविवार रात बिजली कई बार आती-जाती रही। ऐसे में लोग छतों पर चढ़ बिजली आने का इंतजार करते रहे। सबसे ज्यादा परेशानी देहात क्षेत्र के लोगों को हुई। सोमवार को भी भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के चलते अब लोगों ने दोपहर के समय घरों से निकलना कम कर दिया है। जरूरत पड़ने पर ही निकल रहे हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट में बिलसंडा के रहने वाले एक बुजुर्ग रामपाल गश खाकर गिर गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह पानी पिलाकर उन्हें ई रिक्शा में बिठाया। गर्मी से यह हाल कई अन्य जगह भी देखने को मिला। डॉक्टर भी नींबू पानी पीने और घरों से ज्यादा न निकलने की सलाह लोगों को दे रहे हैं। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और रात का न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था, जो सामान्य से काफी ज्यादा है।

गन्ना शोध परिषद के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि रविवार रात का न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो एक रिकॉर्ड है। इससे पहले 26 मई को 28.5 डिग्री सेल्सियस तापमान साल 2020 में देखने को मिला था। इसके अलावा कोई अन्य उदाहरण नहीं है, जब मई माह में रात का तापमान 28.5 डिग्री तक पहुंचा हो। उन्होंने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी का पालन करें। तेज धूप में कम घर से बाहर निकलें ताकि हीट स्ट्रोक से बचा जा सके।



भीषण गर्मी : सड़कों पर सन्नाटा... सोमवार को दोपहर तीन बजे सड़कों पर गर्मी के चलते कम देखी गई चहल-पहल। सवारी के इंतजार में खड़े ई रिक्शा और टेंपो। ● अमृत विचार



गर्मी के चलते कपड़ा बांध कर जाते बाइक सवार। ● अमृत विचार

### 26.2 डिग्री रहा था 18 मई की रात का तापमान

18 मई की रात का न्यूनतम तापमान 26 .2 डिग्री सेल्सियस रहा था। आमतौर पर रात का तापमान 26 .2 डिग्री तक 18 मई को नहीं पहुंचता था। लंबे समय बाद ऐसा हुआ कि 18 मई की रात का न्यूनतम तापमान 26 .2 डिग्री सेल्सियस रहा। उसके बाद से माना जा रहा था कि शायद इस साल गर्मी ज्यादा पड़ेगी। गर्मी से बचने के लिए प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें बच्चे, बूढ़े और गर्भवती महिलाओं को ज्यादा खतरा बताया गया है।

### नींबू पानी और फल लाभदायक

भीषण गर्मी के प्रकोप से बचने में नींबू पानी और फल लाभदायक बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि एक गिलास नींबू पानी या फिर किसी भी फल का जूस पीकर ही घर से बाहर निकलें। सर्द-गर्म से बचने के लिए कभी भी बाहर से आकर फ्रिज का ठंडा पानी या जूस ना पिएं। डिहाइड्रेशन से बचे रहना है तो डाइट में अधिक से अधिक रसदार और पानी से भरपूर फलों को शामिल करें। गर्मी में मिलने वाले फल जैसे तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, अंगूर, संतरा आदि का सेवन करें। गर्मी में इन फलों को खाकर आप सारा दिन एक्टिव और एनर्जी से भरपूर रहेंगे।

# साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति थीं रमाबाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- श्रद्धा पूर्वक मनाया गया रमाबाई का 89वां परिनिर्वाण दिवस
- संगोष्ठी में उनके जीवन संघर्ष को किया गया याद

**अमृत विचार :** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी और अशोक विहार विकास एवं संरक्षण समिति की ओर से रमाबाई आंबेडकर का 89वां परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

निगोही रोड अशोक विहार स्थित सम्राट अशोक पार्क में सोमवार को आयोजित त्याग की प्रतिमूर्ति रमाबाई आंबेडकर विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि भगवान बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर के बौद्ध लेखक और साहित्यकार भदंत विमल कीर्ति महास्थविर ने कहा कि रमाबाई आंबेडकर साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति थीं। वर्ष 1906 में सात वर्ष की अवस्था में उनका विवाह 15 वर्षीय भीमराव आंबेडकर से हुआ। उपले बेंच कर घर का खर्च चलाते हुए वह पैसे बचाकर बाबा साहेब आंबेडकर को देती थीं, जिससे वह अपनी शिक्षा पूरी कर सकें। महास्थविर ने कहा कि धनाभाव के कारण उनके चार बच्चों की मौत हो गयी, लेकिन रमाबाई ने कभी हतोत्साहित नहीं हुईं। सोसाइटी अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक और स्वतंत्रता संघर्ष में जो सफलता बाबा साहेब आंबेडकर ने हासिल की, उसमें उनकी पत्नी रमाबाई का अहम योगदान रहा।

भारतीय बौद्ध महासभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर ने कहा कि रमाबाई का त्याग और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रवक्ता सोनपाल सिंह ने कहा कि हम बाबा साहेब आंबेडकर के बताए मार्ग का अनुसरण करें, यही रमाबाई को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इससे पहले सभी ने रमाबाई आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संगोष्ठी में अंबेडकर मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष भगवंत राम, अखिलेश बौद्ध, समिति के उपाध्यक्ष मातादीन वर्मा, ज्वाला प्रसाद, बुधपाल सिंह, चंद्रकांत भारती, अशोक कुमार, रितेंद्र कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता धम्माचार्य तोताराम ने की।



परिनिर्वाण दिवस पर रमाबाई आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते भदंत विमल कीर्ति महास्थविर व अन्य विशिष्टजन। ● अमृत विचार

## पूर्व प्रधानाचार्य पाली को श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की सोमवार को हुई शोक सभा में स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज अल्हागंज के पूर्व प्रधानाचार्य श्रीराम पाली के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। लोधीपुर स्थित जिला कार्यालय पर हुई शोकसभा में पदाधिकारियों ने सेवानिवृत प्रधानाचार्य श्रीराम पाली को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में परिषद अध्यक्ष डॉ. केके शुक्ला, महामंत्री डॉ. दोदराम वर्मा, डॉ. अमीर सिंह यादव, रमेश चंद्र, अनिलेश सिंह, अवधेश सिंह, सैयद अहसन जलील, फखरे आलम खां, मोहम्मद अयूब, संजय कपूर, मिहिर फिलिप्स आदि प्रधानाचार्य शामिल रहे।

# पहले केबल जलने से गुल हुई बिजली अब हाईटेंशन लाइन का टूट गया तार

संवाददाता, कलान/शाहजहांपुर

- शहर से लेकर देहात तक भीषण गर्मी में लोग परेशान

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में सोमवार को भी शहर में बिजली की ट्रिपिंग होती रही। इससे लोग परेशान रहे। यही हाल ग्रामीण क्षेत्रों का भी रहा। उधर, कलान कस्बे में शनिवार की रात केबल की चिंगारी से फल दुकान में आग लग गई थी, जिसकी लपटों से केबल जल गई थी, जिसे दुरुस्त करने में घंटों लग गए रात 11 बजे बिजली शुरू हुई। पांच घंटे में पांच बार गुल हुई। सुबह 5:30 बजे हाईटेंशन का तार टूट गया जिससे बिजली गुल हो गई।

कलान कस्बे में स्टेट हाईवे की परौर तिराहे के समीप मोहल्ला उल्फत नगर निवासी जब्बार खां की फल की दुकान के ऊपर से निकली बिजली लाइन में शनिवार रात 11 बजे बिजली लाइन से चिंगारी निकलने पर फल की दुकान में आग लग गई थी और केबल भी जल गई। इससे करीब दो सौ घरों की बिजली गुल हो गई थी। रविवार रात करीब करीब 11 बजे लाइन को दुरुस्त कर बिजली चालू की गई। इससे लोगों को लगा कि अब गर्मी से राहत मिल जाएगी लेकिन कुछ ही देर बाद गुल हो गई। करीब 15 मिनट बाद बिजली आ गई लेकिन फिर चली गई। इस तरह की ट्रिपिंग करीब पांच बार हुई। देर रात लोग बिजली आने पर गहरी नींद में थे। सुबह करीब सुबह 5:30 बजे ज्यादातर लोग नींद पूरी कर रहे थे, तभी हाईटेंशन का तार टूट गया जिससे बिजली गुल हो गई। सोमवार पूरा दिन लोग बिजली कटौती को झेलने के साथ ही गर्मी में परेशान रहे। जिसे दुरूस्त करने में देर शाम तक बिजली कर्मचारी लगे रहे लेकिन सप्लाई चालू नहीं हो पाई। इधर शहर में भी पूरे दिन बिजली की ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या उपभोक्ताओं को परेशान किए रही।

> हाईटेंशन लाइन सही करने के लिए टीम लगी हुई है, जल्द ही उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई दी जाएगी।
> –**सुरेंद्र शर्मा**, एसएसओ विद्युत उपकेंद्र, कलान

### बोले लोग



बीते कई दिनों से बिजली सही से नहीं मिल पा रही है, जिससे भीषण गर्मी में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जिला अधिकारी को जल्द ही व्यवस्था सुचारू करानी चाहिए। – **विवेक कुमार पाठक**



इस समय बिजली व्यवस्था बेपटरी है। कर्मचारी अधिकारी इस समस्या के समाधान के लिए कोई निर्णायक पहल नहीं कर रहे है। जिस कारण समस्या बढ़ रही है। – **दिनेश शर्मा**



बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को बहुत दिक्कत हो रही है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी कुछ ध्यान नहीं दे रहे हैं। सबसे अधिक परेशान बच्चे हो रहे हैं। – **विवेक गुप्ता**



एक तो इतनी गर्मी, ऊपर से बिजली कटौती और फॉल्ट कस्बे को लोगों का जीना मुश्किल किए हैं। अफसर लापरवाही बरत रहे हैं, लोग परेशानी झेल रहे हैं। – **कौशल गुप्ता**

# सड़क सुरक्षाः नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश, जागरुकता रथ घूमा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान का प्रयास

**अमृत विचार :** अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के बैनर तले सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम सोमवार को भी जारी रहा। कलान-मिर्जापुर क्षेत्र में जान है तो जहान है नामक जागरुकता रथ और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

रथ को भूमि विकास बैंक के प्रशासक/चेयरमैन विनोद गुप्ता ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विनोद गुप्ता ने कि लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पर चलते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। अधिकांश दुर्घटनाएं लापरवाही के कारण होती है। जरा सी सावधानी बरत कर दुर्घटनाएं रोक सकते हैं। नुक्कड़ नाटक की टीम ने जगह-जगह लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराते हुए सावधानी से वाहन चलाने का संदेश दिया। रथ कई ग्राम पंचायतों में घुमाया गया। संस्था अध्यक्ष मुनीश सिंह परिहार ने बताया कि संस्था समाज के हर व्यक्ति को सजग करना चाहती है। पोस्टर भी बांटे गए। इस अवसर पर अरुण देव गुप्ता, अतुल चतुर्वेदी, अवनीश कुशवाह, राममूर्ति कश्यप, अमित गुप्ता, प्रधान राम नरेश कश्यप, दीपू सिंह चौहान, ब्रजेश माथुर, ओमवीर सिंह, पंकज यादव, देशराज आदि मौजूद रहे।



जागरुकता रथ को रवाना करते चेयरमैन विनोद गुप्ता।

## निजी भूमि पर कब्जे का आरोप

**खुदागंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सैदूपुर निवासी कुमार गौरव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक प्रतिनिधि व अधिकारी द्वारा उसके निजी जमीन पर निर्माण कराया जा रहा है जिसका मामला न्यायालय में चल रहा है बीती रात उक्त भूमि पर खड़े लिप्टिस के पेड़ भी आरोपी द्वारा कटवा लिए गए हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

## सार-संक्षेप

### शर्बत का प्याऊ लगवाया, राहगीरों को गर्मी में मिली राहत



**खुटार।** इस समय भीषण गर्मी अपना कहर बरपा रही है। इस लोगों के गले सुख रहे है। सोमवार सुबह गांव रामपुर कलां में सड़क किनारे स्थित सिद्ध बाबा स्थान के पास तमाम व्यापारियों ने मिलकर शर्बत का प्याऊ लगवाया। जिसमें लोगों ने वाहनों को रोककर आने जाने वाले राहगीरों को शर्बत पिलाया। इससे राहगीरों ने थोड़ी देर पेड़ की छाव में रुककर आराम भी किया। साथ ही शर्बत पीकर प्यास बुझाई और गले को गीला किया। व्यापारियों ने सड़क से गुजर रहे मैजिक, बाइक, बस, ई रिक्शा सहित आदि वाहनों को रोकते रहे। यह शर्बत पिलाने का कार्य दोपहर के बाद तक चलता रहा। इससे लोगों ने राहगीरों को शर्बत पिलाकर पुण्य लाभ कमाया है। इसके अलावा राहगीरों ने व्यापारियों की काफी सराहना की है।

### सुशील दीक्षित उपाध्यक्ष मनोनीत



**शाहजहांपुर।** उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने मोहल्ला भाटनटोला निवासी दवा व्यवसायी सुशील दीक्षित उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सुशील दीक्षित के मनोनयन पर जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ, महानगर महामंत्री अमित शर्मा, ओवैश हसन खां, शशांक कौशिक आदि व्यापारी नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जलाशयों में जल संचयन को लेकर ब्लॉक प्रमुख ने की बैठक

**खुटार।** ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने सोमवार को प्रधान और सचिवों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से निर्देशित किया गया है कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत रखते हुए सभी अमृत सरोवर एवं अन्य जलाशयों में जल संचयन किया जाए। जिससे पशु पक्षियों का पानी मिले और उनकी रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा हीट वेव से बचाव के उपाय में जलाशय में जल संरक्षण किए जाने पर विशेष बल दिया गया है। जिसमें क्षेत्र पंचायत स्तर पर अधिकांश जलाशय एवं अमृत सरोवर सूखे हुए पड़े हुए हैं। वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी जलाशयों को पानी से भरा जाए। जिससे पशु पक्षियों का जीवन संकट में जाने से बच पाए। जलाशय को जल से भरकर उन्हें संरक्षित किया जाए। ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने सभी ग्राम प्रधानों को पत्र भेज कर जल्द से जल्द जलाशयों में जल भरने की अपील की। इस दौरान बीडीओ वीरेंद्र मिश्र व ग्राम पंचायत सचिव अजय पाल सिंह, महेश कांत पांडे, मधुसूदन वर्मा, अमर सिंह राणा, एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जल संरक्षण और पौधरोपण में मांगा सहयोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नेहरू युवा केंद्र के युवा अधिकारी ने मानवता सोसाइटी की पाठशाला का किया भ्रमण

**अमृत विचारः** सामाजिक कार्यों में तत्पर मानवता वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित मानवता पाठशाला में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है।

सोमवार को नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने पाठशाला पहुंचकर संस्था के सदस्यों के साथ सामाजिक सरोकारों को लेकर चर्चा की और केंद्र द्वारा संचालित किए जाने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में सहभागिता करने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने पाठशाला के बच्चों से संवाद भी किया। युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र जल संरक्षण, वृक्षारोपण, रक्तदान, हरित रोजगार आदि कार्यक्रम प्रमुखता से चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में बेहतर समन्वय से कार्य करने के लिए जन सहयोग की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने संस्था के सदस्यों से इन कार्यक्रमों में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। भदौरिया ने मानवता सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अपेक्षा की कि सभी के अनुभव सामाजिक कार्यों में काम आ सकते हैं। इस दौरान युवा अधिकारी ने मेरा युवा भारत पोर्टल की उपयोगिता, सीवी बिल्डर माड्यूल, प्रायोगिक ज्ञान, डिजिटल लिटरेसी के संबंध में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर मानवता सोसाइटी की नीरा श्रीवास्तव, शालू यादव, अमित श्रीवास्तव, विशाल वर्मा, शुभम सागर, डॉ जयंती सक्सेना, ईशा सक्सेना, संगीता राणा, श्रुति मौर्या, अंकिता वर्मा, कोमल मौर्या, फरिया आरिफ, आकाश कुमार, विकास कोली, मीना कुमारी, अभिषेक राणा आदि मौजूद रहे।



सोसाइटी के सदस्यों के साथ नेहरू युवा केंद्र के युवा अधिकारी मयंक भदौरिया।















# 84 टेबल पर गिने जाएंगे वोट, 456 कर्मी लगाए गए

## मतगणना की तैयारी तेज, चार जून को बंद रहेंगी मंडी परिसर की दुकानें, आदेश जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चार जून को रोजा मंडी में लोकसभा व ददरौल विधानसभा उपचुनाव की मतगणना सुबह 8 बजे से 84 टेबल पर होगी। सुरक्षा की दृष्टि से हर विधानसभा में एक-एक सीसीटीवी लगाया जाएगा। प्रत्येक टेबल पर चार-चार कार्मिक की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के लिए कार्मिकों की संख्या व दायित्व भी सोमवार को प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद फाइनल कर दिया गया।

लोकसभा व ददरौल उपचुनाव के लिए अलग-अलग मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें लोकसभा के लिए 14-14 टेबल रहेंगी। 6 विधानसभाओं के लिए कुल 84 टेबल लगाई गई हैं। हर विधानसभा में तीन-तीन रिजर्व मतगणना पार्टियां लगेंगी। लोकसभा के लिए 114 मतगणना पार्टियां रहेंगी। 456 मतगणना कार्मिक रहेंगे, प्रत्येक टेबल पर 4-4 कार्मिकों की ड्यूटी रहेगी। लोकसभा में मतगणना को 18 रिजर्व मतगणना पार्टियां इमरजेंसी के लिए रहेंगी। डीडीओ पवन कुमार सिंह ने बताया कि ददरौल उपचुनाव की मतगणना को 19 मतगणना पार्टियां रहेंगी और कार्मिक 76 हैं। इसमें भी प्रत्येक टेबल पर चार-चार कार्मिक रहेंगे। रिजर्व में तीन गणना पार्टियां लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा के 456 कार्मिक व ददरौल उपचुनाव के लिए 76 कुल 532 कार्मिक ईवीएम से वोट की गणना को लगाए गए हैं।


जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।

### सुबह आठ बजे से शुरू होगी वोटों की गिनती

शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने रोजा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्षों का सोमवार को निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मतगणना की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। मतगणना सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन मंडी रोजा में 4 जून को सुबह 8 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विधानसभावार कक्षों को देखा और शेष कार्यों को जल्द पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मतगणना कक्षों में साफ-सफाई के लिए भी निर्देशित किया। डीईओ ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित ईवीएम और वीवीपैट से संबंधित सुरक्षा बिंदुओं को चेक किया। सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाए गए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### इनकी किस्मत का होगा फैसला

नाम वापसी के बाद लोकसभा और विधान सभा दोनों चुनावों में दस दस प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए हैं। लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर, सपा की ज्योत्सना गौंड और बसपा के दोदराम वर्मा के साथ दस प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में भी दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लोक सभा चुनाव की बात करें तो सपा की ज्योत्सना कश्यप को साइकिल चुनाव चिह्न मिला। इसी तरह बीएसपी के दोदराम वर्मा (हाथी), भाजपा अरुण कुमार सागर (कमल का फूल), राजेश कश्यप के भाई निर्दलीय प्रत्याशी शिवकुमार (अलमारी), मानव क्रांति पार्टी के रमेश चंद्र वर्मा (साबुनदानी), प्रदीप निर्दलीय (स्टेथोस्कोप), सपा के पहले प्रत्याशी रहे राजेश कश्यप की पत्नी मीना कश्यप भी निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। इनको चुनाव चिन्ह (एयरकंडीशनर), निर्दलीय धर्मपाल को (कैंची), किरन राष्ट्रीय सनातन पार्टी (हीरा) व प्रेमचन्द्र सरदार पटेल सिद्धांतवादी पार्टी को कटहल चुनाव चिह्न मिला है।

### ददरौल उप चुनाव में दस प्रत्याशी

उपचुनाव ददरौल में सपा के अवधेश कुमार वर्मा को साइकिल चुनाव चिह्न दिया गया। भाजपा के अरविंद कुमार सिंह को कमल का फूल चुनाव चिह्न मिला। बसपा सर्वेश चंद्र मिश्रा (हाथी), नेताजी सुभाषचंद्र बोस आजाद पार्टी स्वयं प्रकाश कौशल (आटो-रिक्शा), राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी रामपाल (आदमी व पाल युक्त नौका) निर्दलीय प्रत्याशी आराधना मिश्रा (बक्शा), अजीत शुक्ला( कैमरा), कंचन (कैरम बोर्ड), दवेश कुमार( बल्ला), राशिद खान( बैटरी टार्च) चुनाव चिन्ह मिला। सभी प्रत्याशियों के चुनाव चिह्न के आधार पर मत खुलेंगे। मतगणना के प्रत्याशियों ने अपने एजेंट बनवाने शुरू कर दिए हैं। एजेंट के लिए परमिशन ली जा रही है।

### कार्मिकों की ड्यूटी का हुआ पहला रेंडमाइजेशन

शाहजहांपुर। लोकसभा चुनाव और ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के तहत मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी का प्रथम रेंडमाइजेशन सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष में हुआ। भारत निर्वाचन आयोग के स्टैंडर्ड सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गयी। मतगणना सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन मंडी रोजा में 4 जून को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्मिकों को लेकर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पांडेय, एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आईटीआई कॉलोनी में चोरी का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


रोजा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- 3500 रुपये तथा चोरी का जेवर बरामद

**अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र में आईटीआई कॉलोनी में दो घरों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 3500 रुपये तथा चोरी का जेवर बरामद किया है।

रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि 21 मई को को आईटीआई कॉलोनी में दो घरों में चोरी हो गई थी। चोर नगदी समेत लाखों का जेवर चुराकर ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस की विवेचना में कुछ नाम प्रकाश में आए थे। जिसके आधार पर वह आरोपियों की तलाश कर रही थी। एसओजी तथा रोजा पुलिस को सोमवार की सुबह पांच बजे सूचना मिली कि दो चोर क्षेत्र में घूम रहे है। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए चोर कुंदन निवासी बल्लिया थाना रोजा तथा मोहित निवासी मठिया कॉलोनी थाना रोजा है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की झुमकी, एक जोड़ी पायल, पांच जोड़ी खड़वे, चांदी की कलाई चेन, पांच जोड़ी विछवा, एक कमर विछवा, बच्चों की चार जोड़ी पायल, 3500 रुपये बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि आईटीआई कॉलोनी में दो घरों में चोरी की थी। नगदी अपने साथियों में बांट दी थी। मोहित ने जेवर बेचने के लिए अपने भाई को रोहित को दिया था। पकड़े गए अभियुक्त कुंदन पर पहले से 11 तथा रोहित पर तीन मुकदमें है। टीम में उप निरीक्षक वेदपाल सिंह, रजनीश कुमार, हेकां ओमकार सिंह, सिपाही गौरव कुमार आदि थे।

### चोरी के कंप्यूटर समेत दो गिरफ्तार

तिलहर। थाना के उप निरीक्षक नितिन कुमार ने बताया कि 22 मई की रात में राजकीय इंटर कॉलेज कस्बा तिलहर से कंप्यूटर आदि सामान चोरी हो गया था। कॉलेज प्रशासन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की विवेचना में नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस ने सोमवार को दिन में 11 बजे भक्सी तिराहा के पास से एक बाल अपचारी तथा शोभित निवासी केलरगंज थाना तिलहर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी का कंप्यूटर आदि सामान बरामद किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया।

## एक नजर

### ट्यूबवेल पर पानी पीने गए ग्रामीण की करंट से मौत

मदनापुर। पेहना गांव का एक ग्रामीण खेत पर टयूबवेल पर पानी पीने गया। उसका हाथ बिजली के तार पर पड़ गया। जिससे उसे करंट लगा और वह पानी के हौद में गिर गया। परिवार वाले उसे डॉक्टर के पास ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव पेहना निवासी सत्यपाल( 55) रविवार को दिन में चार बजे खेत पर काम करने के लिए गया। उसे प्यास लगी तो पड़ोस के खेत पर चल रहे टयूबवेल पर पानी पीने के लिए गया। उसका एक हाथ बिजली के तार से छू गया। करंट लगने पानी के हौद में गिर गया। परिवार वाले उसे डॉक्टर के पास ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी पत्नी आशा देवी की तीन साल पहले मौत हो गई है। उसके चार बच्चे है। मौत से परिवार में रोना पीटना मया।

### अस्पताल में भर्ती महिला की मौत, शिनाख्त नहीं

शाहजहांपुर। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया 15 दिन पूर्व एक वृद्धा बाबा विश्वनाथ मंदिर के सामने बेहोशी की हालत में मिली थी। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया था। उसकी उम्र 60 साल होगी। जो मंदिर के पास बैठकर भीख मांगा करती थी। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह मौत हो गयी। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आग लगाने का आरोप

शाहजहांपुर। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव बाईकुआ निवासी रशीद खां ने बताया कि उसकी गांव में अरबाज खां से पुरानी रंजिश चल रही है। वह उसके दरवाजे पर आए दिन आकर गाली देता है। आरोप है कि 20 मई की रात दो बजे आरोपी बाइक से उसके घर पर आया और घर के बाहर पड़े में छप्पर में आग लगा दी। आरोपी बाइक से भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एफएसओ ने अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा उपकरण चेक किए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** दिल्ली के अस्पताल में अग्निकांड में छह नवजात की मौत के बाद अग्निशमन अधिकारी ने सोमवार को टीम के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया और अग्निशमन उपकरण चेक किए। उन्होंने अस्पताल संचालक को अग्नि सुरक्षा से संबंधी दिशा निर्देशित किया।

अग्निशमन महानिदेशक के निर्देश पर अग्निशमन अधिकारी डा बीएन पटेल ने टीम के साथ सोमवार को वर्मा नर्सिंग होम, सिंह अस्पताल, लाइफ केयर हास्पिटल , महाकल्प हास्पीटल, राजधानी हास्पिटल में अग्निशमन उपकरण चेक किए। उन्होंने देखा कि अस्पताल के अंदर आग बुझाने के लिए सिलेंडर है या नहीं। साथ ही पानी के बोरिंग को भी देखा। उन्होंने अस्पताल स्टाफ को अग्नि सुरक्षा तथा इलेक्ट्रिक सेफ्टी के प्रति जागरुक किया और अग्नि सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिए।


अस्पताल में अग्नि सुरक्षा उपकरण को चेक करते अग्निशमन अधिकारी डॉ. बीएन पटेल।

- दिल्ली के अस्पताल में अग्निकांड में छह की मौत के बाद बरती सतर्कता

# पत्नी से झगड़ा, सालों ने बहनोई को पीटा

**कलान, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला शिवधाम नगर बिजली घर के पास रहने वाले जसवीर शाक्य ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी हेमलता से उसकी अनबन हो गई थी। जिस पर पत्नी अपने भाई को लेकर थाने पहुंच गई। वह भी थाने गया। जहां समझौता होने पर वह राजी-खुशी पत्नी को वापस घर ले गया। उसने बताया कि इसी बात की रंजिश को लेकर रविवार की रात 11 सालों ने लाठी-डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया है।

### सर्पदंश से वृद्ध की मौत

निगोही। सतवा बुजुर्ग निवासी रामपाल( 65) को रविवार शाम खेत पर किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। बेहोश होने पर परिजन उनको इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# आरपीएफ ने दबोचे रेलवे का माल चुराने वाले पांच चोर

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल ने छापेमारी के दौरान पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के कब्जे से दस क्विंटल मक्का व पेंड्रोल क्लिप बरामद किए हैं। पकड़े गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

पिछले लंबे समय से रोजा रेलवे साइडिंग से खाद्यान्न चोरी की सूचनाएं रेलवे के उच्च अधिकारियों को मिल रही थी। जिसकी रोकथाम एवं शातिर चोरों की गिरफ्तारी एवं धरपकड़ के लिए रोजा आरपीएफ के कार्यवाहक चौकी प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चालक सहित तीन शातिर चोरों को उस समय दबोच लिया जब वे रेलवे संपत्ति की चोरी कर बेचने की फिराक में थे। चोरों से पूछताछ के दौरान दो अन्य साथियों के चोरी में शामिल होने की जानकारी दी। चौकी प्रभारी ने पुलिस बल के साथ घेराबंदी कर दस क्विंटल मक्का एवं पेंड्रोल क्लिप के साथ विनोद कुमार प्रजापति, राजीव कुमार गुप्ता, शिवम् कुमार निवासी मठिया कालोनी व आदर्श नगर कॉलोनी निवासी राजीव कुमार गुप्ता कबाड़ी, राममोहन गुप्ता को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उक्त सभी आरोपियों ने बताया कि चोरी का मक्का एवं पेंड्रोल क्लिप रेलवे से चोरी कर लिए जा रहे थे। माल की बिक्री होने से पूर्व भी हम लोग पकड़ लिए गए।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व बरामद सामान। ● अमृत विचार

- आरोपियों में ई-रिक्शा चालक व कबाड़ी भी शामिल
- पुलिस ने बरामद किया दस क्विंटल मक्का और पेंड्रोल क्लिप

> पिछले काफी समय से रेलवे साइडिंग से खाद्यान्न चोरी होने की सूचनाएं मिल रही थी। जिसकी रोकथाम के लिए जगह-जगह छापेमारी का पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ 3 आरपी (यूपी) एक्ट व 153 रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा दिया गया है।
> – वीरभद्र सिंह, कार्यवाहक चौकी प्रभारी रोजा

# घर से टहलने निकले युवक का पार्क में लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गांव चिनौर में एक युवक सुबह टहलने के लिए निकला था। लोगों ने उसका शव पार्क में रस्सी से लटका हुआ देखा। परिजनों के अनुसार वह तीन दिन से डिप्रेशन में थे और शराब के आदी थे। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी कमलेश कुमार (45) ने सोमवार की सुबह साढ़े चार बजे परिजनों को बताया कि टहलने जा रहे है। सुबह साढ़े पांच बजे गांव के किनारे स्थित एक पार्क में राहगीरों ने उसका शव पेड़ से रस्सी से लटका हुआ देखा। गांव वालों की भीड़ लग गई। पत्नी मीरा देवी परिवार वालों के साथ पार्क में पहुंची और देखा कि उसके पति का शव पेड़ से लटका हुआ था। उन्होंने थाने में सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक कमलेश की पत्नी मीरा ने बताया उसके पति खेतीबाड़ी करते थे। उसके दो बेटे अलग रहते है और उसके साथ एक बेटी रहती है। उनकी गांव में किसी से कोई रंजिश नहीं है। उन्होंने बताया कि उसके पति सुबह उठते ही शराब पी लेते थे। वह तीन दिन से डिप्रेशन में थे। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है और जांच की जा रही है।


पोस्टमार्टम हाउस पर गमगीन परिजन। ● अमृत विचार

- तीन दिन से डिप्रेशन में थे चिनौर के कमलेश

### परिजनों ने डांटा तो फंदे से लटक गया युवक

शाहजहांपुर। बाराकला गांव के एक युवक ने गांव के बाहर पेड़ पर गमछे से लटक जान दे दी। परिवार वालों ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। कलान थाना क्षेत्र के गांव बाराकला निवासी मजनू का बेटा भूरा (18) सुबह आठ बजे घर से बिना बताए निकला था। दोपहर तीन बजे तक वह घर वापस नहीं आया था। परिवार वालों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। शनिवार की शाम गांव के बाहर एक बाग में उसका शव पेड़ से गमछे से लटका मिला। खबर मिलने पर मजनू मौके पर गए और शव की शिनाख्त बेटे भूरे के रूप में की। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों से जानकारी की। परिवार वालों ने किसी बात को लेकर डांट दिया था इसलिए उसने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। मृतक भूरे कलान बस अड्डे पर ठेले पर मेमोज आदि बेचता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। वह सात भाई-बहनों में चौथे नंबर का था। उसकी मां का नाम राम बेटी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# खेत पर काम कर रहे किसान को सांप ने डसा, मौत

**पुवायां, अमृत विचार :** खेत में काम कर रहे किसान की सर्पदंश से मौत हो गई।

सोमवार को बद्रीपुर हदीरा के कामता प्रसाद गुप्ता (65) सुबह आठ बजे खेत पर काम कर रहे थे। अचानक कहीं से आए सांप ने उन्हें डस लिया। कामता ने घर जाकर परिजनों को बताया तो परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर इलाज के बाद डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन मेडिकल कॉलेज ले जाने से पहले और कहीं देसी इलाज कराने लगे इसी दौरान कामता की मौत हो गई।

# अभी भी कानों में गूंज रही चीत्कार, भयानक था मंजर


तीन दिन पहले हुए भयानक हादसे की गवाही दे रही मौके पर पड़ी क्षतिग्रस्त बस और डंपर।

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** गोला रोड का हादसा इतना भयानक था कि अभी भी लोगों के कानों में उस हादसे जान गंवाने वालों और घायलों की चीत्कार सुनाई दे रही है। घटना स्थल पर तीन दिन बाद भी खून के धब्बे भयानक हादसे की गवाही दे रहे हैं। खून के धब्बे पूरी तरह से मिट नहीं पाए है और धरती लाल पड़ी है। इस हादसे में पीड़ित परिवारों के सपने उन अपनों के साथ आखिरी सांस में दफन हो गए।

हादसा 25 मई की रात करीब 11 बजे का है। इससे पूर्व सभी 83 लोग सीतापुर के थाना कमलापुर के गांव जटहा के बस से पूर्णागिरि धाम जा रहे थे लेकिन खुटार गोला रोड पर एक ढाबे के नजदीक भोजन करने के लिए बस को रोका गया था। कुछ लोग बस से उतर कर ढाबे पर खाना खाने चले गए तो कोई ईंटो का चूल्हा बनाकर भोजन तैयार कर रहा था। जो बस में सवार थे वह घर से बांधकर लाए भोजन खा रहे थे। इस बीच खुटार की ओर से गोला जा रहा बजरी भरा डंपर बस के ऊपर गिर गया। इसमें कई लोग फंसकर दब गए। हादसे में कई घायल हो गए और 12 लोगों की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि जहां शांति और साधारण माहौल था। वहां हादसे के वक्त लोगों के चीखने, चिल्लाने की आवाज गूंजने लगी। हादसे की सूचना पर हजारों की भीड़ पहुंच गई और पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों का फोर्स भी। हर कोई फंसे लोगों को निकालने में जुटे रहे। इस हादसे को तीन दिन हो चुके है। लेकिन आज भी कानों में चीत्कार गूंज रही है। उस हादसे से याद कर रूह कांप उठती है।


बजरी पर पड़ा खून।

- बोले लोग- हादसे को याद कर कांप उठती है रूह
- तीन दिन बाद भी खून के धब्बे से लाल है धरती

### हादसे के बाद बस और डंपर चालक का नहीं लगा सुराग, तलाश जारी


खुटार। लापता चल रहे बस चालक, परिचालक और डंपर चालक का तीन दिन बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश कर रही है। साथ ही बस चालक, परिचालक का पता करने के लिए जनपद सीतापुर के लोगों से संपर्क कर रही है लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ खाली है।

# आईटीआई कॉलेज के गेट का ताला तोड़ उपकरण चुराए

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचार:** हुल्लापुर चौराहे पर रविवार की रात चोरों ने आरके आईटीआई कॉलेज के पिछले गेट का ताला तोड़ दिया और यहां से कीमती उपकरण चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुआयना कर घटना की जानकारी ली और चोरों की सुरागरसी कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया।

कॉलेज के डायरेक्टर वैष्णव कुमार गुप्ता ने बताया कि रविवार शाम के शाम के करीब पांच बजे घर चले गए थे। रात में चोर कॉलेज के पिछले दरवाजे के ताले तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद दूसरे गेट के ताले तोड़कर वहां रखा इनवर्टर, बैटरा निकाल कर विद्युत सप्लाई काट दी। बाद में ऑफिस में भी चोर घुसे, वहां रखे लैपटॉप, सीसीटीवी कैमरे उसके बॉक्स तथा लिपिक कार्यालय के इनवर्टर, बैटरा के साथ ही वर्कशॉप में रखी ड्रिल मशीन तथा वेल्डिंग मशीन चुरा ली। कॉलेज के पिछले गेट के पास पड़े प्लास तथा टूटे ताले सहित कई जगह पुलिस ने फोटोग्राफी कर सबूत एकत्र किए। इसके पूर्व चोरों ने कॉलेज के पीछे खेल मैदान में लगे वॉलीबॉल पोल भी चुरा लिए थे। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया चोरों की तलाश में टीम लगाई जा रही है। घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कह दिया गया है। साथ ही कॉलेज की सुरक्षा के वास्ते और व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए गए है।


कॉलेज डायरेक्टर के कार्यालय में बिखरा पड़ा सामान

- चोरों की सुरागरसी कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया

अनदेखी | रोडवेज बस स्टैंड पर सीट नहीं, फर्श पर बैठना बना मजबूरी

# कमाई लाखों में लेकिन सुविधाओं का कहीं पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** परिवहन निगम की रोडवेज बसों से शाहजहांपुर रोडवेज बस स्टेशन से प्रतिदिन तीस से 35 हजार यात्री सफर करते हैं लेकिन इन यात्रियों को रोडवेज बस स्टैंड पर पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सबसे ज्यादा परेशानी पेयजल को लेकर है। रोडवेज बस स्टैंड पर मात्र एक वाटर कूलर लगा हुआ है, ज्यादातर यात्रियों को 20 रुपये की बोतल खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। पर्याप्त सीटें भी नहीं हैं, फर्श पर लोग बैठने को मजबूर हैं।

बस स्टैंड पर यात्रियों के बैठने के लिए बड़ा सा बरामद बना हुआ है, लेकिन यहां पर मात्र तीन सीट हैं, हालांकि गर्मी से राहत पाने के लिए पंखे लगे हैं लेकिन बैठने के लिए यात्रियों की संख्या के अनुपात में सीटें नहीं है। लॉग रूट व लोकल रूट की बसों को पकड़ने के लिए यात्रियों को बस स्टैंड पर रुकना पड़ता है, ऐसे में बहुत से यात्री ऐसे भी होते है, जो फर्श पर बैठना उचित नहीं समझते हैं, फिर उन्हें आसपास होटलों में बैठने के लिए जगह तलाश करनी पड़ती है और इसके लिए उन्हें वहां पर कुछ न कुछ खाने के लिए रुपये भी खर्च करने पड़ते हैं। कुछ लोग जो होटलों पर बैठकर रुपये खर्च नहीं कर सकते वह लोग मजबूरन फर्श पर बैठकर बसों का इंतजार करते हैं। सबसे अधिक परेशानी बस स्टैंड पर रात गुजारने वाले यात्रियों को होती है, कुछ लोग जो बेंच पर सोकर रात बिताना चाहते हैं, उन्हें फर्श पर लेटना पड़ता है। बरसात के दिनों में हालत यह हो जाती है कि तेज बौछार के साथ पानी बरामदे में आ जाता है, जिससे जलभराव की स्थित हो जाती है, तब फिर तो यात्रियों को और भी मुसीबत झेलनी होती है। परिवहन निगम के अधिकारियों से कई बार इस समस्या को लेकर अवगत कराया गया लेकिन उनकी बात को अनसुना कर दिया गया। पेयजल के लिए एक वाटर कूलर लगा है, वहां भी आसपास गंदगी बनी रहती है, ऐसे में ज्यादातर यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए 20 रुपये की बोतल खरीदनी पड़ती है।


बस स्टैंड पर बस का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

- पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझा रहे यात्री
- रोजाना सफर करते हैं तीस से 35 हजार लोग

### बंडा और निगोही में भी बनेगा बस अड्डा

एआरएम आरएस पांडेय ने बताया कि शहर में नए नक्शे के साथ बस स्टैंड का निर्माण हो रहा है और इसी के साथ ही बंडा में बस अड्डा निर्माण के लिए चिन्हित की गई जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए डीएम को पत्र लिखा गया है। निगोही में भी बस अड्डा निर्माण कराया जाएगा।

> यात्रियों के बैठने के लिए 72 सीटों का प्रपोजल विभाग को भेजा गया है लेकिन इन दिनों बस स्टैंड पर निर्माण कार्य चल रहा है, नए सिरे से नए नक्शे के रूप में इसका निर्माण होना है, सीटे लगने में थोड़ा समय लगेगा। – **आरएस पांडेय**, एआरएम

## एक नजर

### मामा के घर आई किशोरी लापता, केस दर्ज

**मिर्जापुर।** फर्रुखाबाद के थाना क्षेत्र कायमगंज निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी मिर्जापुर थाना क्षेत्र में अपने मामा के घर आई हुई थी। जहां से 22 मई को नीलेश निवासी मोहल्ला जैन मंदिर कानपुर जिला उदयपुर राजस्थान अपने साथी कुलदीप पुत्र श्रीपाल निवासी मोहल्ला प्रेमनगर कायमगंज के साथ बहला फुसलाकर ले गया है। जिसका काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नही लगा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार को सोमवार की सुबह छह बजे सूचना मिली कि रोजा पुल के नीचे एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया अभियुक्त आलोक गुप्ता निवासी आदर्श नगर कालोनी थारा रोजा है। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। टीम में उप निरीक्षक जुगुल किशोर, सिपाही विपिन थे।

# बालिका की हालत बिगड़ी तो पहुंचे सीओ, समाप्त कराया धरना

## थानों में दर्ज मुकदमों में एक सप्ताह में फाइनल रिपोर्ट दर्ज करने के आश्वासन पर माने भाकिमयू पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** निगोही पुलिस उत्पीड़न के विरोध में खिरनीबाग रामलीला मैदान में चल रहा भाकिमयू का धरना सोमवार को छठें दिन समाप्त हो गया। रविवार को धरना स्थल पर नौ वर्षीया बालिका की तबीयत बिगड़ने के बाद सोमवार को सीओ सदर अमित चौरसिया धरना स्थल पर पहुंचे और धरना दे रहे भाकिमयू पदाधिकारियों को आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया।


धरना स्थल पर भाकिमयू पदाधिकारियों से वार्ता करते सीओ सदर अमित चौरसिया। ● अमृत विचार

सोमवार को खिरनीबाग रामलीला मैदान में धरने पर बैठे लोगों को पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अमित चौरसिया व एलआईयू जनपद प्रभारी चंद्रभान सिंह ने आश्वासन दिया कि थाना निगोही अंतर्गत गांव परसरा परसरी निवासी मुकेश शर्मा व दो अन्य पर निगोही थाने में दर्ज मामले एक सप्ताह के अंदर समाप्त कर उसमें एफआर लगा दी जाएगी। जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि दोनों अधिकारियों की बात का सम्मान रखते हुए धरना समाप्त कर दिया गया है। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष क्रांति सिंह ने बताया कि अधिकारियों से वार्ता के बाद मिले आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आश्वासन के बाद भी मुकदमा समाप्त नहीं किया जाता तो संगठन अग्रिम रणनीति बनाकर आगे की लड़ाई लड़ने को तैयार है।

- पांच दिन से खिरनीबाग रामलीला मैदान में धरना दे रही थी संगठन की महिलाएं

> भाकिमयू पदाधिकारियों से वार्ता कर उन्हें बता दिया गया है कि दर्ज मामलों में जल्द से जल्द जांच को पूरा किया जाएगा, यदि मामले को झूठे पाए जाते हैं तो उन्हें खत्म कराया जाएगा।
> – **अमित चौरसिया**, सीओ सदर

भाकिमयू धरना स्थल पर निगोही ब्लॉक अध्यक्ष अंकिता शर्मा अपनी नौ वर्षीय बेटी माही को भी लेकर बैठी हुईं थीं। तेज धूप के साथ भीषण गर्मी में धरना के पांचवे दिन रविवार को माही की तबीयत खराब हो गई थी। उल्टियां होने पर उसे प्राइवेट अस्ताल में भर्ती कराया गया था, जहां ग्लूकोज चढ़ने के बाद हालत में सुधार हुआ। इस घटना के बाद भाकिमयू कार्यकर्ताओं में पुलिस के खिलाफ रोष और बढ़ गया था।

इसी को देखते हुए सोमवार को सीओ सदर अमित चौरसिया एलआईयू इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और भाकिमयू पदाधिकारियों पर दर्ज झूठे मामले में एफआर लगाने का आश्वासन दिया।

धरने में महेंद्र यादव निगोही ब्लॉक अध्यक्ष, अंकिता शर्मा, गीता देवी, कविता शर्मा, खुशीराम राठौर, प्रमोद वर्मा, मुकेश शर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव, मेवाराम, तिलकराम, दलपतराम आदि धरने पर बैठे थे।

# कोर्ट के आदेश पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** निगोही थाना क्षेत्र के गांव अरेली निवासी भगवान दास ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि गांव के देवेंद्र सिंह से पुरानी रंजिश चल रही है। आठ अप्रैल को सुबह आठ बजे मंगू सिंह के खेत पर मजदूरी कर रहा था। देवेंद्र सिंह आदि खेत पर आए और पालतू कुत्ता उसके ऊपर काटने के लिए छोड़ दिया।

भगवान दास ने कुत्ते को मारना चाहा तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की नीयत से मारा पीटा और जातिसूचक शब्द कहे। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर देवेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, रवि सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# सचिव पर ब्लॉक प्रमुख पति पर कार चढ़ाने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** ब्लॉक प्रमुख पति ने सचिव पर गाड़ी चढ़ाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ब्लॉक प्रमुख पति वरुण यादव सोमवार को ब्लॉक कार्यालय पर बैठकर जन समस्याओं को सुन रहे थे। इसी दौरान ग्राम कमलपुर निवासी मोर चंद ने बताया कि तीन दिन पहले उनके गांव में एक सांड़ की मौत हो गई थी, जिसकी सूचना उन्होंने सचिन को दी, लेकिन सचिव ने कार्रवाई करने के बजाय फोन पर उनसे अभद्रता शुरू कर दी। शिकायत करने पर उन्होंने से जब जानकारी करनी चाहिए तो वह उनसे भी अभद्रता करने लगा। वरुण का आरोप है कि सचिव शराब के नशे में धुत था। शाम 5:30 बजे जब वह ब्लॉक में सड़क पर खड़े होकर अपने साथियों के साथ बात कर रहे थे तभी तेज गति से कार चलाते हुए जान से मारने की नीयत से सचिव ने उनके ऊपर कार चढ़ा दी। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गए। उसके बाद उन्होंने पुलिस को बुलाकर सचिव को उनके हवाले कर दिया। उधर, कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया इस मामले में अभी तक तहरीर नहीं मिली है। अगर तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।


घटना के विषय में जानकारी देते ब्लॉक प्रमुख पति वरुण यादव। ● अमृत विचार

- बोले- ब्लॉक में सड़क पर साथियों के साथ कर रहे थे बात तभी चढ़ा दी कार

# पूरनपुर से लाई गई आरोपी शुभम की बाइक सीज की

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**नर्स हत्याकांड**

- कॉल डिटेल में निकले नर्स और शुभम के नंबर, बरेली लैब में जांच को भेजी जाएगी स्लाइड

**अमृत विचार:** नर्स हत्याकांड में पुलिस पूरनपुर से लाई गई आरोपी शुभम शुक्ला की बाइक को सीज कर दिया और मोबाइल से कॉल डिटेल निकलवाई गई तो नर्स और शुभम की ही कॉल निकली है। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड को बरेली लैब में भेजा जाएगा।

चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पिज्जा हब रेस्टोरेंट में पीलीभीत जिले की युवती का शव बाथरूम से बरामद हुआ था। वह एक अस्पताल में नर्स थी। उसका गला दुपट्टे से कसा हुआ था। आरोपी शुभम शुक्ला तथा नर्स दोनों ने किराए पर कमरा लिया था और आरोपी शुभम खाना खाने के बहाने निकल गया था। मृतका के पिता ने आरोपी शुभम शुक्ला व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म तथा हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जबकि रेस्टोरेंट मालिक अभिषेक कश्यप को 120 बी का अभियुक्त बनाया गया था। आरोपी शुभम शुक्ला ने पूरनपुर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस पूरनपुर गई थी और आरोपी की बाइक तथा मोबाइल लेकर यहां आ गयी। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी की बाइक को सीज कर दिया गया और उसकी मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई गई। कॉल डिटेल में घटना वाले दिन की दोनों की बातचीत है और किसी का नंबर नहीं है। बलात्कार की पुष्टि के लिए बनाई गई स्लाइड बरेली लैव में मंगलवार को भेजी जाएगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**20** हजार के अर्थदंड से भी किया दंडित

**2020** में मीरानपुर कटरा के एक गांव की घटना

- धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में बतौर क्षतिपूर्ति दिए जाने के आदेश



**अमृत विचार:** थाना मीरानपुर कटरा क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2020 में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मुकदमे की सुनवाई के दौरान पॉक्सो एक्ट में दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या-42 के न्यायाधीश मनोज कुमार सिद्धू ने अभियुक्त को 10 वर्ष के कारावास की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है, साथ ही अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में बतौर क्षतिपूर्ति दिए जाने के आदेश दिए।

मीरानपुर कटरा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि नौ अगस्त 2020 को सुबह दस बजे उसकी नाबालिग बेटी घर के बाहर चौपाल पर बैठी हुई थी और परिजन घर में थे। इसी दौरान गांव सैंजना निवासी नीरज जो कि दबंग प्रवृत्ति है। वह आ गया और बेटी का हाथ पकड़कर कमरे के अंदर खींच ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर सुनकर पत्नी मौके पर पहुंची और चिल्लाई तभी आरोपी कमरे का दरवाजा खोलकर भाग गया। मामले की तहरीर मीरानपुर कटरा पुलिस को दी गई, जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने विवेचना प्रारंभ की।

विवेचना के उपरांत नीरज के खिलाफ पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। जहां अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या-42 में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता राजीव अवस्थी व लोक अभियोजक संजीव कुमार के तर्कों को सुनने के बाद न्यायाधीश मनोज कुमार सिद्धू ने पत्रावली का अवलोकन कर पॉक्सो एक्ट का दोषी पाए जाने पर अभियुक्त नीरज को 10 वर्ष के कारावास की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। साथ ही अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में बतौर क्षतिपूर्ति दिए जाने के आदेश दिए।




# संगठनों ने उठाई सपा जिलाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसपी को सौंपा ज्ञापन अभियुक्त की गिरफ्तारी में बाधा डालने का आरोप

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने एसपी को ज्ञापन देकर नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तारी में बाधा डालने वाले और पुलिस धमकाने वाले सपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में वांछित अभियुक्तों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की भी मांग उठाई गई है।

एसपी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ दिन पहले अभियुक्तों ने एक राय होकर अनुराग यादव व रोहित गौतम पर जान से मारने की नीयत से चाकुओं से हमला किया था। थाना पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को जेल भेजा जा चुका है। प्रकरण में नामजद अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने गई पुलिस को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खां ने पुलिस को धमकाते हुए दंगा भड़काने की धमकी दी और अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने दी। जिससे निष्पक्ष विवेचना कर पाना असंभव होता जा रहा है, इसलिए प्रकरण के नामित अभियुक्त व अज्ञात अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा है कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी में आदर्श संहिता का उल्लंघन करते हुए भीड़ एकत्रित कर बाधा उत्पन्न करने और दंगा भड़काने की धमकी देने वाले सपा जिला अध्यक्ष के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जानी चाहिए। संबंधित घटना में उनका पूरा सहयोग है, इसलिए अभियुक्तों की गिरफ्तारी में बाधा उत्पन्न करने वाले दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। अन्यथा की स्थिति में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल आंदोलन को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में विहिप महानगर अध्यक्ष अभिनव कुमार, जिला मंत्री अश्नील सिंह, बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित मिश्रा, प्रचार प्रमुख अनुभव गुप्ता शामिल रहे।

# खुद हटा लें अतिक्रमण वर्ना चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कांट में लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने लगाए लाल निशान
- शाहजहांपुर-जलालाबाद हाईवे के चौड़ीकरण को हटेगा अतिक्रमण

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर-जलालाबाद हाईवे के चौड़ीकरण के लिए कांट में अतिक्रमण हटाया जाना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने सोमवार को कांट में दुकानदारों के अतिक्रमण पर लाल निशान लगाए। इसके बाद भी अपना अतिक्रमण स्वयं न हटाने वाले दुकानदारों के निर्माण पर बुलडोजर चलेगा। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रथिन सिन्हा ने बताया कि जहां पर खाली क्षेत्र मिल रहा है, वहां पर कार्य करवाया जा रहा है। जहां पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया है वहां नियमों का पालन करवाया जाएगा।

हाईवे चौड़ीकरण के लिए सड़क के मध्य बिंदु से दोनों तरफ 60-60 फीट तक अतिक्रमण हटेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि कांट में लोगों को रोजाना जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी भीषण गर्मी में बच्चों और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को उठानी पड़ती है।

हाईवे के चौड़ीकरण हो जाने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। लेकिन कांट में अतिक्रमण न हटने के कारण चौड़ीकरण का काम अपनी रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। उधर, अल्हागंज कस्बे के मुख्य मार्ग पर सड़क तक फैले अतिक्रमण से लगने वाले जाम से निजात मिलने की उम्मीद है। नगर पंचायत की ओर से अतिक्रमणकारियों को तीन दिन के अंदर सड़क से नाली तक के रास्ते को खाली करने चेतावनी दी है। इसके बाद नगर पंचायत अतिक्रमण हटवाएगा।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, जैतीपुर

- बरेली के टिसुआ के पास रविवार रात हुआ हादसा, भाई को छोड़कर लौट रहा था घर

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे पर बरेली के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के टिसुआ के पास रविवार रात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जैतीपुर क्षेत्र के युवक की मौत हो गई।


मृतक किशन लाल।

थाना क्षेत्र के गांव भिटारा निवासी किशन लाल (30) का छोटा भाई सुरजीत बरेली के रजऊ परसपुर में एक फैक्ट्री में काम करता था। किशन लाल सुरजीत को रविवार शाम बाइक से फैक्ट्री तक छोड़ने के बाद गांव बाखरगंज में रिश्तेदारी में चला गया। रात करीब 12:30 बजे वह अपने गांव भिटारा के लिए वापस आ रहा था। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के टिसुआ में लखनऊ दिल्ली हाईवे पर किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे किशनलाल की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। किशन लाल चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। मौत से मां कन्यावती, पिता रामअवतार, पत्नी सरोज व बच्चों का बुरा हाल है।




# तीन पेड़ काटे जाने में अज्ञात में केस दर्ज

**खुटार, अमृत विचार:** फतेहपुर बीट जंगल में तीन पेड़ काटे जाने के मामले में वनकर्मियों ने इस बात को अधिकारियों से छुपाए रखा लेकिन इसकी शिकायत वन विभाग से की गई। 22 मई को अमृत विचार अखबार ने इस खबर को प्रकाशित किया। इसके बाद एसडीओ डॉक्टर सुशील कुमार ने रेंजर मनोज श्रीवास्तव को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए थे, तो कहीं जाकर वनरक्षक संतोष गौड़ की ओर से अज्ञात में केस दर्ज किया गया।

- फतेहपुर बीट में पेड़ काटे जाने की बात को छुपाए रखे थे वनकर्मी
- अधिकारियों के संज्ञान में पहुंची बात तो की गई कार्रवाई

खुटार वन रेंज फतेहपुर बीट के जंगल में करीब 15 दिन पूर्व दो कोरो और एक तेंदू का पेड़ काट दिया गया था। लोग उसकी लकड़ी के बोटा बनाकर लेकर चले गए थे। इस बात की जानकारी होने के बाद वनकर्मियों को सूचना दी गई। इस बात पर ध्यान नहीं देने के बाद अधिकारियों को अवगत कराया गया।

अमृत विचार अखबार ने 22 मई को फतेहपुर जंगल में तीन पेड़ काटे जाने के मामले की खबर छपने के बाद अधिकारियों के संज्ञान में मामला पहुंचा। एसडीओ डॉ. सुशील कुमार ने जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के बाद कार्रवाई के आदेश दिए थे। कहीं खुद पर कार्रवाई न हो जाए इससे पहले वनरक्षक संतोष गौड़ ने अज्ञात में केस काट दिया लेकिन पेड़ किसने काटे है। इस बात का पता नहीं चल पाया है।

> फत्तेपुर में जंगल से पेड़ काटे जाने के मामले में वन रक्षक की तरफ से अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।
> – **डॉ. सुशील कुमार**, एसडीओ वन विभाग शाहजहांपुर

# संदिग्ध परिस्थितियों में खेत पर मिला बुजुर्ग का शव, शिनाख्त नहीं

संवाददाता, तिलहर

- प्रधान ने एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया, दो दिन पुराना बताया जा रहा शव

**अमृत विचार:** गोपालपुर गांव में एक बुजुर्ग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव गौटिया निवासी राम प्रवेश का तिलहर क्षेत्र के गांव गोपालपुर में खेत में है। रविवार की शाम छह बजे गांव वालों ने सड़क से कुछ दूरी पर खेत के किनारे बुजुर्ग को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार ने 108 एंबुलेंस को सूचित किया। उन्होंने चौकीदार किशोरी के साथ उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज से तिलहर थाने को मेमो दिया। उपनिरीक्षक सुखेंद्र पाल ने अज्ञात व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी उम्र 60 साल है। शव दो दिन पुराना बताया जाता है और शरीर में चोट के निशान नहीं है। शिनाख्त नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

**तलाश गुमशुदा**



मेरी पत्नी आरती देवी उम्र 48 वर्ष जो दिनांक 26.05.2024 समय 22.30 बजे पारिवारिक क्लेश के कारण घर बिना बताये कहीं चली गयी। आपसी लोगों एवं रिश्तेदारों से फोन करके जानकारी ली किन्तु उनका अभी तक कुछ पता नहीं चला है। **उनका हुलिया रंग:- गेहुआ कद:- 5 फिट 2 इंच साड़ी गोल्डन काला।** यदि अपहर्ता आरती देवी के बारे में कोई सूचना/जानकारी प्राप्त होती है नीचे लिखे मो. नम्बरों पर सूचित करने का कष्ट करें। **दीपक कुमार (पूर्व सैनिक) पुत्र स्व. हीरा सिंह नि. मो. अनुपम नगर पो. सुभाषनगर बरेली मो. 8279322456।**

